उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19, सी, तुलसी गंगा काम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226001

## सूचना/ विज्ञप्ति
## (वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु)

**उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा में मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन की भर्ती/चयन वर्ष 2020 से 2025 (दिनांक 01-07-2020 से 30-06-2026) की कुल 176 रिक्त पदों का चयन परिणाम**

**संख्या : पीआरपीबी-चार-12(37)/2025(भाग-4 का भाग-4)** **दिनांक: अगस्त 07, 2026**

उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 में दिये गये प्रावधानानुसार मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के भर्ती/चयन वर्ष-2020 से 2025 (दिनांक 01-07-2020 से 30-06-2026) तक की कुल 176 रिक्तियों के सापेक्ष विभागीय परीक्षा के आधार पर चयन के सम्बन्ध में पात्र 3950 अभ्यर्थियों की प्रथम चरण की लिखित परीक्षा दिनांक 05-10-2025 को सम्पन्न हुई थी। संगत सेवा नियमावली में दिये गये प्रावधानानुसार लिखित परीक्षा में न्यूनतम 35 अंक अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 2781 अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की "प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण" दिनांक 28-04-2026 से 11-05-2026 तक प्रदेश के 02 जनपदों लखनऊ एवं सीतापुर के 02-02 परीक्षण केन्द्रों में सम्पन्न करायी गयी। संगत सेवा नियमावली में दिये गये प्रावधानानुसार "प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण" में न्यूनतम 25 अंक अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अर्ह 2541 अभ्यर्थियों के लॉजिस्टिक्स मुख्यालय से प्राप्त सेवाभिलेख एवं बोर्ड प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर सेवाभिलेखों का मूल्यांकन कराया गया।

2- "प्रयोगात्मक तकनीकी दक्षता परीक्षण" में न्यूनतम 25 अंक अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अर्ह 2541 अभ्यर्थियों के लॉजिस्टिक्स मुख्यालय द्वारा प्रदान किये गये सेवाभिलेखों के मूल्यांकन में प्राप्त अंको एवं लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़कर मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के भर्ती/चयन वर्ष-2020 से 2025 (दिनांक 01-07-2020 से 30-06-2026) तक की कुल 176 रिक्तियों के सापेक्ष श्रेष्ठताक्रम में तैयार की गयी वर्षवार चयन सूची पर विभागाध्यक्ष के अनुमोदनोपरान्त चयन परिणाम घोषित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर जाकर दिये गये लिंक पर पी0एन0ओ0 व जन्म तिथि डालकर अपने अंक व परिणाम देख सकते हैं।

3- अभ्यर्थीगण दिनांकः 14-08-2026 से आगामी 10 दिवस तक बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in/ पर जा कर, उपलब्ध लिंक पर जा कर, दिये गये फील्डस को भरकर अपने अंक देख सकते हैं। यह लिंक दिनांक 14-08-2026 से 23-08-2026 तक सक्रिय रहेगा।

4- मुख्य आरक्षी मोटर परिवहन के भर्ती/चयन वर्ष-2020 से 2025 (दिनांक 01-07-2020 से 30-06-2026) तक जारी वर्षवार कट ऑफ मार्क्स का विवरण निम्नवत है :-

| चयन वर्ष | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कट ऑफ मार्क्स | 84.3376 | 84.1609 | 84.7025 | 85.2614 | 78.1264 | 78.9080 |

5- यद्यपि उक्त सूचना वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनींकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त/अनुमन्य होगा। यह सूचना सर्वसाधारण के लिए है। अत: जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है, उनके सम्बन्ध में सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत अथवा अन्य माध्यमों से पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

07/08/25

**अपर सचिव-प्रोन्नति,**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**